### प्रधानमंत्री को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

# प्रधानमंत्री मोदी को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिलने से सभी गौरवान्वित हैं : डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंटांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरवमयी क्षण है। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और भारत-इंडोनेशिया के सुदृढ़ सामरिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों का सशक्त प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा इंडोनेशियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया जाना भारत के लिए गर्व का विषय है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बीते कुछ समय में भारत और इंडोनेशिया के संबंधों में एक नई ऊर्जा, नया विश्वास और नई गहराई आई है। हम विकास, सुरक्षा, तकनीक, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष जब कश्मीर के पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमला हुआ था तब इंडोनेशिया भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का आभार व्यक्त किया है।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में समय पर गुणवत्तायुक्त दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में प्रदेश की मेडिकल सप्लाई चेन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त दवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवाओं की मांग, भंडारण, गुणवत्ता परीक्षण, वितरण और मरीज तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, प्रभावी तथा तकनीक आधारित बनाया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दवाओं की गुणवत्ता जांच समय पर पूरी की जाए और परीक्षण के बाद ही उनका वितरण किया जाए।

# पीथमपुर में 272 करोड़ के नए संयंत्र का भूमिपूजन आज, बढ़ेगा औद्योगिक निवेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लियुगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन करेंगे। करीब 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसे मध्यप्रदेश में निर्माण उपकरण उद्योग के विस्तार और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

चीन की अग्रणी निर्माण उपकरण निर्माता कंपनी की भारतीय इकाई द्वारा स्थापित किए जा रहे इस संयंत्र में शुरुआती चरण में प्रतिवर्ष 6,500 निर्माण उपकरणों के उत्पादन की क्षमता विकसित की जाएगी। यहां मुख्य रूप से एक्सकेवेटर का निर्माण होगा, जिससे घरेलू विनिर्माण को मजबूती मिलने के साथ आयात पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लियुगोंग वर्ष 2008 से पीथमपुर में अपनी विनिर्माण इकाई संचालित कर रही है। 44 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले मौजूदा संयंत्र में प्रतिवर्ष तीन हजार व्हील लोडर और मोटर ग्रेडर बनाने की क्षमता है। वर्ष 2009 में इसी इकाई से पहला 'मेड इन इंडिया' व्हील लोडर तैयार किया गया था। यहां अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) तथा प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित हैं, जहां 500 से अधिक भारतीय पेशेवर कार्यरत हैं।

कंपनी के निर्माण उपकरण सड़क, खनन, जलविद्युत और पाइपलाइन परियोजनाओं सहित देशभर की आधारभूत संरचना परियोजनाओं में उपयोग किए जा रहे हैं। राज्य सरकार का मानना है कि नए संयंत्र की स्थापना से पीथमपुर का औद्योगिक महत्व और बढ़ेगा तथा मध्यप्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरेगा। सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण, बेहतर अधोसंरचना और निवेशक हितैषी नीतियों के माध्यम से राज्य को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

# एशियन गेम्स के लिए चयनित खिलाड़ियों से मिले मंत्री सारंग, बढ़ाया उत्साह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को टी.टी. नगर स्टेडियम में आगामी एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई करने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी तैयारियों, प्रशिक्षण, फिटनेस और आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर चर्चा की तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।


मंत्री सारंग ने कहा कि एशियन गेम्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के लिए प्रदेश के 22 खिलाड़ियों का चयन होना मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों के परिश्रम, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार द्वारा खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब देश के प्रमुख खेल राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है और यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, वैज्ञानिक कोचिंग, खेल विज्ञान, पोषण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करना है। मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी एशियन गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में एथलेटिक्स, शूटिंग, रायफल, कैनो स्लालम, कैनोइंग, कायाक, शॉटगन, जूडो और घुड़सवारी सहित विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर खेल विभाग के सचिव संजीव सिंह, संचालक अंशुमन यादव, अधिकारी, प्रशिक्षक और खेल अकादमियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेंडबोआ तस्करी मामले में दो आरोपियों को दो-दो वर्ष की सजा

**भोपाल।** भोपाल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दुर्लभ वन्यजीव सेंडबोआ की तस्करी के करीब 10 वर्ष पुराने मामले में दो आरोपियों को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला वर्ष 2016 में दर्ज प्रकरण में सुनाया गया। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और क्राइम ब्रांच भोपाल ने 22 अगस्त 2016 को सूचना के आधार पर राहुल नगर झुग्गी बस्ती क्षेत्र में घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ा था। पूछताछ में उनकी पहचान अमन वामने और वरुण विश्वकर्मा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से कपड़े के थैले में रखा जीवित दुर्लभ वन्यजीव सेंडबोआ बरामद किया गया, जिसके बाद दोनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए।

## शिष्टाचार भेंट...



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की।

## पांचवीं-आठवीं की पुनः परीक्षा के परिणाम 98%

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पांचवीं और आठवीं की पुनः परीक्षा के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए। विद्यार्थी और अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के परीक्षा पोर्टल पर रोल नंबर के माध्यम से अपना परिणाम देख सकते हैं। पुनः परीक्षा में कक्षा पांचवीं का परीक्षा परिणाम 80.42 प्रतिशत तथा कक्षा आठवीं का 74.16 प्रतिशत रहा। मुख्य वार्षिक परीक्षा और पुनः परीक्षा के परिणामों को मिलाकर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.89 प्रतिशत और कक्षा आठवीं का 98.19 प्रतिशत दर्ज किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के अनुसार, पुनः परीक्षा का आयोजन 16 से 23 जून के बीच प्रदेश के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों और पंजीकृत मदरसों में किया गया था।

पुनः परीक्षा में कक्षा पांचवीं के 71,548 तथा कक्षा आठवीं के 76,274 विद्यार्थी शामिल हुए। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेशभर में 322 केंद्र बनाए गए थे, जहां 17 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने ऑनलाइन अंक दर्ज किए।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com